# मोटरमैन
# Motormen

## यह परीक्षण आपके लिए किस तरह सहायक है ?

1. आपको पता चलता है कि आपकी क्षमताएं क्या हैं।
2. परीक्षण हल करने में जिस कौशल की जरूरत होती है वह आपके जॉब में भी उपयोगी है।
3. इनका निर्माण बहुत ही सावधानी से किया जाता है ताकि वे सभी अभ्यर्थियों के लिए निष्पक्ष हो ।
4. इन परीक्षणों पर सफलता जॉब के साथ आपके सामंजस्य सुनिश्चित करती है।

## How can tests help you?

1. They will help you to show where your strengths lie.
2. They have been chosen because the skills they involve are used in the job.
3. The tests are carefully designed so that they are fair to all applicants.
4. Taking tests will help you in adjusting on the job.

## परीक्षण हमारे लिए किस तरह लाभदायक है ?

1. एक विशेष जॉब के लिए हमें सही तरह के लोग मिलते हैं ।
2. परीक्षणों से हमें आपकी शक्तियों एवं कमजोरियों का निष्पक्ष मूल्यांकन मिलता है।
3. जो लोग परीक्षणों में अच्छा करते हैं, वे सामान्यतया जॉब में भी सफल रहते हैं।

## How can tests help us?

1. We get the right sort of people to do the job.
2. Tests give us unbiased assessment of your strengths and limitations.
3. People who do well on the test usually do well in the job itself.

# आपको किस प्रकार के परीक्षण देने होंगे ?

संरक्षा कोटि के महत्वपूर्ण पदों हेतु उपयुक्त कर्मचारियों के चयन के लिए अभिवृत्ति परीक्षणों का प्रयोग किया जाता है। आपने जिस पद के लिए आवेदन किया है उसके लिए निर्धारित परीक्षण-माला आपको दी जाएगी, जिसमें पांच-छह परीक्षण होंगे। सामान्यत: ये परीक्षण 35-150 अभ्यर्थियों के समूह में किए जाते हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षण पुस्तिका में दिये प्रश्नों का उत्तर ओ.एम.आर. उत्तर पत्र पर देना होता है।

# What sort of tests will you have to take?

The Psychological tests have been designed for various jobs in critical safety categories. You will be given the test battery, consisting of five-six tests, prescribed for the job you have applied for. Generally the tests are administered in groups of 35-150 candidates. They are required to answer the questions given in test booklets and mark the responses on OMR Answer Sheets.

## आपको अपने उत्तर कैसे दर्ज करने हैं ?

अधिकांश पेपर-पेन्सिल परीक्षण के उत्तर एक अलग उत्तर पत्र पर दर्ज किये जाते हैं ताकि उनका मूल्यांकन शीघ्रता से किया जा सके। भारतीय रेल द्वारा प्रयोग किये जाने वाले उत्तर पत्र का नमूना यहां देखा जा सकता है। उत्तर पत्र पर उत्तर प्रदर्शित करने के लिए संबंधित गोले को पूरी तरह भरना होता है। नीले बाल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें। याद रखें कि दिये गए उत्तर को बदलने की अनुमति नहीं है। प्रत्येक उत्तर के लिए अगर एक से अधिक गोले भरे जाते हैं तो उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं होगा। उत्तर पत्र पर किसी प्रकार का अतिरिक्त चिन्ह न लगाएें।

## *HOW TO RECORD YOUR ANSWERS*

Most paper-pencil tests require you to record your answers on a separate answer sheet so that they can be scored quickly. A sample of the answer sheet used by Indian Railways may be seen here. The answers are marked on the answer sheet by fully darkening the circles which go with your answers. Use a ***blue ball point*** pen. Remember you are not permitted to change your answer.

## Sample answer sheet

## उत्तरपत्र का नमूना






बड़ा करके दिखाया गया रेखांकित अंश / Encircled portion shown enlarged






## कृपया ध्यान दें

- आपके ओ.एम.आर. उत्तर पत्र पर आपका अनुक्रमांक, अभ्यास प्रश्नों के उत्तर, परीक्षण आईडी एवं कोड संख्या तथा मुख्य परीक्षण के उत्तर देने का स्थान दिया गया है ।
- परीक्षणमाला के प्रत्येक परीक्षण हेतु अलग स्थान है। प्रत्येक परीक्षण के अभ्यास प्रश्नों के उत्तर देने के लिए भी अलग स्थान दिया गया है। सावधानी पूर्वक सही स्थान पर अपने उत्तर चिन्हित करें ।
- याद रखें प्रत्येक उत्तर के लिए केवल एक ही गोला भरना है।
- उत्तर पत्र या परीक्षण बुकलेट पर किसी प्रकार का कोई चिन्ह न लगाएं।
- उत्तर पत्र को न मोड़े।

## Please note:

- Your OMR Answer Sheet has spaces for writing your Roll Number, Answers to Practice Problems, Test ID and Test Code for each test and Answers to the main test.
- There is separate space for answering each test of the test battery. Space for practice tests has also been given separately. Be careful in marking your answers at correct place only.
- Remember only one circle is to be darkened for each answer.
- Do not make any stray marks on your Answer Sheet or Test booklets.
- Do not fold your Answer Sheet.

## मोटरमैन की परीक्षणमाला में निम्न परीक्षण हैं -

- बुद्धि परीक्षण
- स्मृति परीक्षण
- अंक प्रक्रिया परीक्षण
- व्यक्तित्व परीक्षण
- फील्ड इंडीपेंडेंस परीक्षण
- प्रतिक्रियाकाल परीक्षण

## Composition of Motormen’s Test Battery

- Intelligence Test
- Memory Test
- Number Operations Test
- Personality Test
- Field Independence Test
- Reaction Time Test

प्रत्येक परीक्षण की अलग समय सीमा है। जो आपको परीक्षण सत्र के दौरान सूचित कर दी जाएगी। आपको निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही परीक्षण की समस्याओं को हल करना है तथा अपने उत्तर चिन्हित करने हैं।

Each test has separate Time Limits, which will be advised to you during test sessions. You have to solve test items and mark your answers within the prescribed time.

**टिप्पणी:**

यहां दिये परीक्षणों के नाम केवल मार्गदर्शन हेतु हैं। परीक्षण बिना पूर्व सूचना के किसी भी समय बदले जा सकते हैं।

**Note**:

The details of the tests shown here are only indicative. These may change any time without any prior notice.

# Sample Tests

## परीक्षणों के नमूने

### 1. Test for measuring your Intelligence - बुद्धि मापन हेतु परीक्षण

In this test your have to decide, which of the five figures given in the numbered boxes at right hand shows the parts given in left hand box fitted correctly.

इस परीक्षण में आपको यह निर्णय करना है कि दायीं ओर दिये गये 5 चौकोरों में से किस संख्या वाला चौकोर बायीं ओर दी गयी आकृति के आपस में जुडे हुए टुकडों को दिखाता है




In the above example 5 is the correct answer.
ऊपर दिये गये उदाहरण में 5 सही उत्तर है ।

### 2. Test for measuring your Memory- स्मृति मापन हेतु परीक्षण

In this test your task is to memorize the maps given on a Study page and then on Memory page recognize the ones you have seen on the Study page.

इस परीक्षण में आपको अध्ययन पृष्ठ पर दिये गये मानचित्र को याद करना है और फिर स्मृति पृष्ठ पर दिये गये मानचित्रो को देखकर उन मानचित्रो की पहचान करनी है जो आपने अध्ययन पृष्ठ पर देखे थे ।

Study the sample items given below:
नीचे दिये गये नमूने का अध्ययन करें ।





Which of the following maps you have seen above? नीचे दिये गये नक्शे में से कौन सा नक्शा आपने ऊपर देखा है ।




Mark 'Y' if you have seen the map and 'N' if you have not. Your answers should be, Y, N, Y & N.

यदि आपने नक्शा पहले देखा है तो 'Y' अन्यथा 'N' चिन्हित करें । आपके उत्तर होंगे Y , N, Y और N ।

## 3. Test for measuring your ability for Number Operations- अंक प्रक्रिया मापन हेतु परीक्षण

This is a test of how rapidly and accurately you can do number operations- addition, subtraction and multiplication .

इस परीक्षण में आपको शीघ्रता एवं शुद्धतापूर्वक अंको को जोडना-घटाना एवं गुणा करना है ।

Try following examples:
नीचे दिये गये उदाहरण को हल करें

Add

| (1) | (2) | |
|---|---|---|
| 42 | 77 | A 145 |
| 65 | 83 | B 154 |
| 38 | 12 | C 155 |
| | | D 172 |
| | | E 174 |

The correct answers for two examples should be A and D.
ऊपर दिये गये उदाहरणों के सही उत्तर A और D है ।

## 4. Test for measuring your Personality- व्यक्तित्व मापन हेतु परीक्षण

You will be given some statements. Read each statement carefully. If the statement seems to be true or if you agree with it, mark ‘Y’. If you disagree with it mark ‘N’. If you cannot decide between true or false, mark ‘?’ Be sure to answer every statement.

इस परीक्षण में आपको कुछ कथन मिलेंगे।प्रत्येक कथन को सावधनीपूर्वक पढें। यदि कथन सही प्रतीत होता है तो Y उत्तर इंगित करें यदि आप असहमत हैं तो N चिन्हित करें, यदि आप सही और गलत के बीच निर्णय नहीं ले सकते हैं तो? (प्रश्न चिन्ह) मार्क करें। प्रत्येक कथन का उत्तर अवश्य दें।

## 5. Test for measuring your Field Independence- फील्ड इंडीपेंडेंस मापन हेतु परीक्षण

This is a test of your ability to find a simple form when it is hidden within a complex pattern. Your task will be to trace the simple form in the complex figure with the help of a pencil. The answers are to be recorded on test booklet itself.

इस परीक्षण में आपको कुछ जटिल आकृतियों में छिपे सरल आकार को ढूढ़ना है। आपका कार्य जटिल आकृति में सरल आकार को ढूढ़ कर उसे पेंसिल से रेखांकित करना है। इस परीक्षण के उत्तर परीक्षण पुस्तिका में ही देने हैं ।

सरल आकार
Simple Figure




जटिल आकार
Complex Figure



## 6. Test for measuring your Reaction Time -प्रतिक्रियाकाल मापन हेतु परीक्षण

Your reaction time will be measured with the help of equipment. Your task will be to respond to some coloured lights, as quickly and accurately as you can, by pressing some buttons.

आपका प्रतिक्रियाकाल एक उपकरण की सहायता से मापा जाएगा। आपको कुछ रंगीन लाइटें दिखायी जाएंगी। आपको शीघ्रता एवं शुद्धता के साथ सम्बंधित बटन दबाकर प्रतिक्रिया देनी होगी ।

## बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए आप क्या कर सकते हैं ?

**परीक्षण सत्र से पहले**

1. रात भर नहीं जागें। सुनिश्चित करें कि रात में अच्छी नींद सोयें।
2. परीक्षण स्थल पर पहुंचने के लिए समय से चलें ताकि आपको भाग-दौड़ न करनी पड़े।

**परीक्षण सत्र के दौरान**

1. निर्देशों को ध्यानपूर्वक सुनें।
2. ठीक वहीं करें जैसा आपको कहा जाए।
3. प्रश्न पूछने में संकोच न करें।
4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सोच विचार कर दें।
5. जल्दी से और सही-सही कार्य करें क्योंकि अधिकांश परीक्षणों की समय सीमा बहुत कम है।
6. कठिन प्रश्नों पर समय नष्ट न करें।
7. अपने समीप बैठे अभ्यर्थी के उत्तरों की नकल न करें क्योंकि उसकी परीक्षण पुस्तिका आपसे भिन्न होगी।

# WHAT CAN YOU DO TO GET BETTER SCORES?

**Before the Session**

1. Don’t stay up all night. Make sure you get a good night’s sleep.
2. Give yourself plenty of time to reach the examination centre so that you don’t have to rush.

**At the Session**

1. Listen carefully to the instructions.
2. Do exactly as you are told.
3. Don’t hesitate to ask questions.
4. Think about each question before answering.
5. Work quickly and accurately, as most tests have short time limits.
6. Don’t waste time on difficult questions.
7. Do not try to copy the answers of your neighbors as his question booklet is likely to be different from you